दिनांक 25 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

प्रशासक डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम अधिकारियों की ली बैठक , प्रत्येक गुरुवार को निगम मुख्यालय में प्रशासक स्वयं रहेंगे उपस्थित

- आज आमजन की समस्याओं को सुनकर निराकरण के लिए दिए निर्देश

भिलाई नगर/ कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज समस्या लेकर आने वाले आमजन से मुलाकात की और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए! कलेक्टर डॉक्टर भुरे अब प्रत्येक गुरुवार को निगम मुख्यालय के प्रशासक कक्ष में लोगों की समस्याओं से अवगत होंगे! प्रशासक ने भिलाई निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य की समीक्षा की! इस दौरान निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी मौजूद रहे , उन्होंने प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी! प्रशासक ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं निगम में प्रगति रत कार्यों की समीक्षा की! उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर पूर्णत: अंकुश लगाने के निर्देश दिए! स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत होने वाली गतिविधियों की जानकारी लेकर सभी जोन आयुक्त को गार्बेज पॉइंट को सूचीबद्ध करते हुए कचरा निपटान करने तथा बीएसपी क्षेत्र के कचरे को बीएसपी से समन्वय बनाकर हटवाने के निर्देश दिए! मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन की जानकारी ली और अधिकाधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए! मॉर्निंग विजिट की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रतिदिन क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से अवगत होकर उनके निराकरण के लिए निर्देश दिए! डेंगू नियंत्रण पर उन्होंने लगातार कार्य करने कहा! शिविर एवं जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी जानकारी ली! निराकरण उपरांत इसके फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए! निगम से प्रेषित दूसरे विभागों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए उन्होंने अन्य विभागों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए! पट्टा , गौठान, कैनाल रोड की प्रगति , वृक्षारोपण, अमृत मिशन के कार्यों की जानकारी , सिटी बस, निदान, कोरोना के संक्रमण से बचाव इत्यादि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की! समीक्षा उपरांत तहसील कार्यालय के नवीन भवन हेतु संयुक्त रुप से निगम परिसर का निरीक्षण किया गया! बैठक में उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं नरेंद्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सुनील अग्रहरि, प्रीति सिंह एवं पूजा पिल्ले , तहसीलदार योगेंद्र वर्मा एवं कार्यपालन अभियंता सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे!

जनसंपर्क अधिकारी